भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.3765
11.12.2019 को उत्तर देने के लिए

एमपीलैड योजना के अधीन विकास कार्य

3765. श्रीमती मीनाक्षी लेखी:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा संसद-सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीलैड) योजना के अंतर्गत संसद-सदस्यों द्वारा किए गए विकास कार्यों का आकलन करने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त कार्यों का आकलन करने के लिए क्या मापदंड है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख) मंत्रालय ने स्वतंत्र एजेंसियों अर्थात् नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज़ प्रा. लि. (नाबकोन्स) और कृषि वित्त निगम (एएफसी) लि. के माध्यम से चुनिंदा जिलों में संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) निधि के प्रयोग से पूर्ण किए गए कार्यों की तृतीय पक्ष वास्तविक निगरानी करवाई थी । तत्कालीन योजना आयोग के कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (पीईओ) ने भी इस योजना का मूल्यांकन किया था ।

एजेंसी निर्दिष्ट उद्देश्यों, आदि के लिए अनुमोदित तकनीकी विशिष्टताओं, वित्तीय अनुमोदनों, आधारी गुणवत्ता और इसके उपयोग के संदर्भ में परिसंपत्तियों की जांच के लिए कार्य स्थलों का निरीक्षण/दौरा करती है ।

****